समाचार

15 फरवरी से जोन स्तरीय ''निदान'' शिविरों का होगा आयोजन

कोरबा 12 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 15 फरवरी से 03 मार्च 2021 तक जोन स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर ''निदान'' का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने तत्संबंध में आदेश जारी कर शिविरों के आयोजन हेतु जोनवार अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती करते हुए निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार शिविरों का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 15 फरवरी को कोरबा जोन कार्यालय, 17 फरवरी को स्टेडियम स्थित टी.पी.नगर जोन कार्यालय, 19 फरवरी को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय, 22 फरवरी को पं.रविशंकर शुक्ल जोन कार्यालय, 24 फरवरी को बालको जोन कार्यालय, 26 फरवरी को दर्री जोन कार्यालय, 01 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय एवं 03 मार्च को बांकीमोंगरा जोन कार्यालय में शिविर लगाए जाएंगे।